प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक, बक्सर

सूचना संख्याः– .... */ बक्सर,* *दिनांकः–* ....

"आवश्यक सूचना"

नेहरू युवा केन्द्र, बक्सर के कार्यालय पत्रांक–4307/युवा उत्सव/2024–25/111, दिनांक–30/10/2024 के अलोक में नेहरू युवा केन्द्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, बक्सर के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय युवा कार्यक्रम का आयोजन नवम्बर महीने में किया जाना है। इस कार्यक्रम का थीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गये भाषण में **"पंचप्रण एवं इंडिया @2047"** रखा गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 से 29 आयु वर्ग (आयु की गणना 30 सितंबर 2024 के आधार पर) के प्रतिभागी कुल छः इवेन्टः– युवा कलाकार चित्रकला (पेंटिंग) प्रतियोगिता, युवा कलाकार लेखन (कविता) प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक (सामूहिक) कार्यक्रम तथा विज्ञान मेला (व्यक्तिगत एवं सामूहिक) में भाग ले सकेंगे।

क्र० सं०	प्रतियोगिता/ कार्यक्रम का नाम	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार	प्रतिभागियों की संख्या (कम से कम)
01	युवा कलाकार चित्रकला (पेंटिंग) प्रतियोगिता	2500/–	1500/–	1000/–	30
02	युवा कलाकार लेखन (कविता) प्रतियोगिता	2500/–	1500/–	1000/–	30
03	फोटोग्राफी प्रतियोगिता	2500/–	1500/–	1000/–	30
04	भाषण प्रतियोगिता	5000/–	2500/–	1500/–	10
05	सामूहिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता	7000/–	5000/–	3000/–	100
06	विज्ञान मेला (व्यक्तिगत)	3000/–	2000/–	1500/–	10
07	विज्ञान मेला (सामूहिक)	7000/–	5000/–	3000/–	50

सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा एवं पुनः वहां से विजेता होने पर राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे।

अतः जिला युवा उत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक छात्र/छात्राएँ इस गुगल लिंक– **https://forms.gle/G6RXqD9iQ1Ph34q68** पर 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक,
बक्सर

ज्ञापांकः– ....1325....... */ बक्सर,* *दिनांकः–* 22/11/2024..........

प्रतिलिपिः–

(01) संस्थान के वेब पोर्टल/सूचना–पट्ट पर सभी छात्र–छात्राओं को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

(02) श्री अशोक कुमार, व्याख्याता (गणित)–सह–नोडल पदाधिकारी, नेहरू युवा कार्यक्रम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(03) स्थापना, राजकीय पोलिटेकनिक बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।

22/11/24
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक,
बक्सर